हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 27 फरवरी 2025


तापमान

अधिकतम 32.1 डिग्री

न्यूनतम 13.2 डिग्री


12 महाशिवरात्रि पर हर हर महादेव के नारों से गूंजे शिवालय





12 शिक्षा ग्रहण करने के लिए हमें त्यागनी होगी अशिक्षा




## खबर संक्षेप



### राजीव बने एंटी करप्शन फाउंडेशन चीफ निदेशक

**करनाल।** एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा ने राष्ट्रीय टीम का विस्तार करते हुए करनाल के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ राजीव पंवार को फाउंडेशन का नैशनल चीफ डायरेक्टर नियुक्त किया। नैशनल सुप्रीमो नरेन्द्र अरोड़ा ने डॉ राजीव पंवार को नियुक्ति पत्र सौंपकर पद की गरिमा में रहकर भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के लिए कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर डॉ राजीव पंवार ने कहा कि वह अपने पद की गरिमा में रहकर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के उद्देश्यों को जन जन तक लेकर जायेंगे और अपनी टीम का विस्तार करेंगे।

### पानी की टंकी चुराने का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी रजत को शामिल जांच किया है। ग्वालमंडी के रहने वाले पूर्ण चंद ने 30 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी सागर व अन्य ने हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी से पानी की टंकी चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मकान से नकदी व गहने चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी मनीष कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। दयालबाग के रहने वाले संजय ने 8 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने उसके घर से सोना-चांदी जेवरात व नकद राशि चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### छात्र ऋषभ की हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने खटीक बस्ती में छात्र ऋषभ की धारदार हथियार से हत्या करने के मामले में और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान कर्ण व प्रिंस उर्फ काकू निवासी खटीक बस्ती को गिरफ्तार किया है। सीआइए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपियों ने मोहम्मद फैसल, सौरभ, सभीहुद्दीन उर्फ समीर, समुनी अहमद, विजय व सलमान के अतिरिक्त फरार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर हत्या की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। वहीं, ऋषभ हत्याकांड में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में कृष निवासी विराट नगर की शिकायत पर केस दर्ज है।

### गांव बबैल में मकान की छत गिरी, तीन दबे

**पानीपत।** पानीपत के गांव बबैल में मकान की छत गिर गई। छत के गिरने से कमरे में लेटी बुजुर्ग सोना देवी, इसकी बेटी नीलम व पौती सवन्या मलबे में दब कर घायल हो गई। छत गिरने की आवाज सुन कर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मलबा हटाकर तीनों को मलबे के नीचे से निकाला। हादसे में तीनों घायल हो गई। वहीं पीडित परिवार की आर्थिक हालत बहुत ही कमजोर है। इधर, पीडित परिवार ने प्रदेश सरकार व प्रशासन से आर्थिक मदद की अपील की है।

### वृद्धा की बालियां ठगी, दो के खिलाफ केस दर्ज

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस को दी शिकायत में ईश्वर देवी निवासी गांव फरीदपुर ने बताया कि दो लोगों ने उसका कष्ट दूर करने का झांसा दिया और उसकी सोने की बालियां ठग ली। पुलिस ने दो लोगों पर केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### एमटीपी किट बेचने के आरोप में दो युवक गिरफ्तार

# मेडिकल स्टोर और अल्ट्रासाउंड सेंटर पर स्वास्थ्य विभाग की रेड

- विभागीय टीम को एमटीपी किट बेचने की मिली सूचना
- सेंटर के रिकॉर्ड की भी गहनता से हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला





स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एक मेडिकल स्टोर के साथ अल्ट्रासाउंड सेंटर की गहनता से जांच की। यहां विभागीय टीम को लिंग जांच होने के साथ प्रतिबंधित दवाएं बिकने की सूचना थी। काफी देर तक जांच टीम स्टोर व सेंटर के रिकॉर्ड को खंगालती रही। दरअसल स्वास्थ्य विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम की अचानक अंबाला शहर के रंजीत नगर में पहुंची थी। इस दौरान टीम ने मेडिकल स्टोर संचालक और सप्लाई देने वाले युवक को एमटीपी किट बेचने के आरोप में काबू किया है। मौके पर पहुंची टीम ने मेडिकल स्टोर को सील किया। आरोपियों के खिलाफ विभाग की ओर से मामला भी दर्ज करवाया गया है।

पीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ. विपिन भंडारी ने बताया कि उन्हें 10 दिन पहले सूचना मिली थी कि रंजीत नगर में शर्मा मेडिकोज की दुकान में एमटीपी किट बिक रही है। इसके बाद हमारी टीम ने एक गर्भवती को किट लेने के लिए भेजा। जैसे ही मेडिकल स्टोर संचालक ने किट दी तो मौके पर टीम पहुंच गई और आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया। पूछताछ के बाद किट देने वाले को भी काबू कर लिया गया। डॉ. विपिन ने बताया कि मेडिकल स्टोर तीन वर्ष पुराना है। इस स्टोर में नियमित जांच भी हो चुकी है लेकिन इस दौरान स्टोर में कोई भी संदिग्ध किटें नहीं मिली थी। मेडिकल स्टोर का लाइसेंस भी मनीष के नाम पर है। स्टोर संचालक, शिवम नाम के युवक से किटें मंगवाकर बेचता था। किट मंगवाने के बाद लोगों से 850 रुपए प्रति किट के लिए वसूलता था।

#### मेडिकल स्टोर किया सील

उन्होंने बताया कि मेडिकल टर्मिनेशन प्रेग्नेंसी किट (एमटीपी) गर्भावस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक प्रोजेस्टेरोन नामक महिला हार्मोन को प्रभावी रूप से ब्लॉक करती है। इससे गर्भाशय सिकुड़ जाता है। जिससे गर्भपात में आसानी होती है। उन्होंने बताया कि फिलहाल हमारी तरफ से दुकान को सील कर दिया गया है। इसके साथ ही दोनों युवकों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। इसके साथ ही किट की सप्लाई देने वाले अन्य लोगों की तलाश में भी टीम जुटी है।

### पंचायती भूमि की मुनियादी का बैनर फाड़ने का आरोप

- पंच समेत दर्जनभर लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया

**यमुनानगर।** गांव राझेड़ी में गांव के ही कुछ लोगों पर पंचायती जमीन की मुनियादी का बैनर फाड़ने और महिला सरपंच को जाति सूचक शब्द बोलने का आरोप लगा है। पुलिस ने महिला सरपंच की शिकायत पर पंच समेत दर्जन भर लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव की सरपंच मोनिका ने बताया कि गांव की पंचायती जमीन का ठेका होना था। उसने बीडीपीओ के कहने पर पंचायती जमीन के ठेके की मुनियादी के लिए बैनर लगवा दिया। इस दौरान गांव के ही अनिल कुमार, पंच प्रवीण कुमार, सुखविंद्र कुमार, जयराम, अंजू, निशा, मीना, ममता, सुदेश, वीरबल, अजय व रीटा ने पंचायती भूमि पर लगा बैनर फाड दिया। सूचना मिलते ही जब वह गांव के अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उसे जाति सूचक शब्द बोले और उसके साथ गाली गलौच की। इसके साथ ही आरोपियों ने सरकारी काम में बाधा भी डाली। इसके बाद आरोपी वहां से भाग गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## लॉन टेनिस के लिए स्टेडियम में बनाया जाएगा सिंथेटिक ट्रैक

- खेल विभाग की ओर से तैयार किया गया प्रस्ताव
- उपायुक्त की जांच के बाद शुरू हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



राजीव खेल स्टेडियम का बाहरी दृश्य।

अंबाला शहर के सेक्टर-10 स्थित राजीव गांधी खेल स्टेडियम में खिलाड़ियों को अत्याधुनिक सुविधाएं मिलने जा रहे हैं। यहां अब खिलाड़ियों को सिंथेटिक के लॉन टेनिस की सौगात मिलेगी। साथ ही खेल के मैदान को भी सुधारा जाएगा। लाखों रुपये की लागत से तैयार होने वाले इस लॉन टेनिस कोर्ट के लिए खेल विभाग की तरफ से प्रपोजल तैयार किया जा रहा है। जल्द ही इसे मुख्यालय भेजा जाएगा। अनुमति मिलते ही इसका काम शुरू कर दिया जाएगा। बता दें कि अभी तक खेल विभाग के बाद सिंथेटिक का लॉन टेनिस का कोर्ट नहीं था। मजबूरन खिलाड़ियों को सिटी व कैंट में निजी कॉलेजों व स्कूलों में बने लॉन टेनिस कोर्ट का सहारा लेना पड़ता है। 24 फरवरी को निरीक्षण करने पहुंचे उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिला खेल अधिकारी को भी लॉन टेनिस बनाने के निर्देश दिए थे। ताकि मैदान में ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी इसका इस्तेमाल कर सकें। अंबाला कैंट के वार हीरोज स्टेडियम में लॉन टेनिस कोर्ट बनाने की खेल विभाग द्वारा तैयारी की जा रही थी लेकिन जगह की कमी के कारण यह अभी तक नहीं बना पाया।

यहां टेनिस के खिलाड़ी काफी हैं, जबकि इसके लिए सरकारी स्तर पर टेनिस कोर्ट की व्यवस्था नहीं है। जो निजी सेंटरों पर खेलकर ही अपना नाम नेशनल लैवल तक चमका चुके हैं। जिला खेल अधिकारी डॉक्टर राजबीर रंगा ने बताया कि राजीव गांधी खेल स्टेडियम में अंबाला उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने निरीक्षण कर लॉन टेनिस कोर्ट बनाने के निर्देश दिए है। जल्द ही इसका प्रपोजल तैयार कर मुख्यालय भेजा जाएगा। अनुमति मिलते ही इसे तैयार करने का काम शुरू कर दिया जाएगा।

## पानीपत में 75 केंद्रों पर 33817 छात्र देंगे परीक्षा

**पानीपत।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा पानीपत जिले में वार्षिक बोर्ड परीक्षाओं के लिए 75 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। 27 को 10वीं और 28 फरवरी से 12वीं की परीक्षाएं शुरू होंगी। बोर्ड के साथ स्थानीय अधिकारियों द्वारा नकल रहित परीक्षा कराने पर जोर रहेगा। परीक्षा में विद्यार्थियों द्वारा इलेक्ट्रिक सामान लेकर जाने पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों में केवल एक गांव मांडी स्थित सेंटर को संवेदनशील की श्रेणी में रखा गया है। वहीं, जिला के शहरी ग्रामीण अंचल में दोनों कक्षाओं के 33,187 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। इसमें राजकीय स्कूलों के 13,490 व गैर राजकीय स्कूलों के 19,697 विद्यार्थी शामिल हैं। पानीपत के तहत गांव अदियाना, नैन, अलुपुर नैन, आसन कलां, बबैल, बड़ौली, भंडारी, बुआना लाखू, छाजपुर, डाहर, इसराना में तीन, जाटल, काबड़ी में दो, कुराना, कवी, कालखा, खोतपुरा, लोहारी, मतलौडा, मांडी, नारा, नारायणा, नौल्था, नौहरा, पानीपत शहर में 18, रेरकलां, सनौली खुर्द, सींक, सिवाह, शेरा, सौधापुर, सिठाना, सपतीवी, उग्राखेड़ी, उरलाना कला, ऊझा, वजीरपुर टिटाना, आट्टा, बापौली में तीन, चुलकाना, हथवाला, जलालपुर, झट्टीपुर, जौरासी, किवाना, खोजकीपुर, मनाना, नामुंडा, पट्टीकल्याणा, राक्सेड़ा, समालखा शहर के राजकीय स्कूलों में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जबकि कक्षा 10 वीं में राजकीय विद्यालयों में कुल 7427 और गैर राजकीय विद्यालयों में 11266 विद्यार्थी हैं। वहीं 12 वीं कक्षा में राजकीय विद्यालयों में 6063 और गैर राजकीय विद्यालयों में 8431 विद्यार्थी हैं।

## पैसे जमा करवाने गया नौकर 1.80 लाख रुपये लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर के संतपुरा रोड स्थित जोहर ट्रैवल्स की दुकान पर काम करने वाला नौकर एक लाख 80 हजार रुपये लेकर फरार हो गया। आरोपी दुकान से पैसे लेकर एटीएम में जमा करवाने के लिए गया था। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के संतपुरा गुरूद्वारा के नजदीक रहने वाले गगनदीप सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी संतपुरा रोड पर जोहर ट्रैवल्स के नाम से दुकान है। उसके पास सावन पोसवाल नामक युवक काम करता था। शाम को सात बजे उसने सावन पोसवाल को दो लाख 20 हजार रुपये एटीएम में जमा करवाने के लिए दिए। इसके बाद आरोपी ने उसे 45 हजार पांच सौ रुपये जमा करवाने की रशीद उसे दे दी। बाकि के पैसों की रशीद उसे नहीं दी। उसके बाद से आरोपी सावन पोसवाल का कुछ भी पता नहीं चला।

जब उसने आरोपी के मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया तो वह बंद मिला। जांच के दौरान उसे पता चला कि आरोपी ने बाकि पैसे अकाउंट में जमा नहीं करवाए हैं। जब वह आरोपी की तलाश करने लगे तो उसकी एक्टिवा संत निश्चल सिंह स्कूल के पास खड़ी मिली। मगर आरोपी का कुछ भी पता नहीं चला। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## युवक ने मकान में फंदा लगाकर की आत्महत्या

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव भट्टूवाला में एक युवक ने रात को घर पर अपने कमरे में चुन्नी के फंदे से फांसी लेकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने गांव रणजीतपुर निवासी शशिपाल पर उसे आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

गांव भट्टूवाला निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका लड़का 26 वर्षीय नितिन कई दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। रात को खाना खाकर उसका लड़का अपने कमरे में सोने के लिए चला गया। सुबह जब वह नहीं जागा तो उन्होंने अपने लडके को आवाज लगाई मगर अंदर से कोई उत्तर नहीं मिला। काफी आवाजें लगाने के बाद जब उन्होंने खिड़की से देखा तो नितिन टीन के पाइप में चुन्नी के फंदे पर लटका हुआ था। उन्होंने दरवाजा तोड़कर उसे नीचे ऊतारा मगर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।

## किशोरी को अगवा कर किया दुष्कर्म

- दो दिन पहले फरकपुर क्षेत्र से हो गई थी लापता
- आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



थाना फर्कपुर क्षेत्र में 13 साल की लड़की को अगवा कर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। किशोरी दो दिन से घर से लापता थी। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर अंबाला के रहने वाले आरोपी युवक कर्मवीर सिंह को भी गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता का मेडिकल करवाया गया जिसमें उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। बाद में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार फरकपुर थाना क्षेत्र की एक कालोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 22 फरवरी को उसकी 13 साल की लड़की रात को अचानक घर से गायब हो गई। उसे काफी तलाश किया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला।

उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने उसकी बेटी की तलाश शुरू कर दी। एसएचओ फर्कपुर ने बताया कि केस दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू की तो अमर विहार कॉलोनी के पास किशोरी के होने का पता चला। मौके पर तुरंत छापा मारा गया तो वहां से किशोरी बरामद हो गई। मौके से ही अंबाला का रहने वाला कर्मवीर सिंह उर्फ सचिन को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में किशोरी ने बताया कि बीती रात ममीदी क्षेत्र के एक कमरे में रख कर सचिन ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। इसके बाद किशोरी का मेडिकल कराया गया। जिसमें उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई है।

बाद में पुलिस ने आरोपी युवक कर्मवीर सिंह के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### बाइक से टक्कर मारकर किया घायल, पिटाई की

**यमुनानगर।** गांव कुलपुर के पास पहले युवक ने बाइक से टक्कर मारकर गांव मिल्कशेखा निवासी राजेश कुमार को घायल कर दिया। बाद में आरापी ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई की। घायल का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चार आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव मिल्क शेखा निवासी राजेश कुमार ने बताया कि वह रात साढ़े आठ बजे बाइक पर घर जा रहा था। जब वह गांव कुलपुर के पास पहुंचा तो आरोपी मनु व रजत ने तेज गति से बाइक चलाकर उसे टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। जब उसने आरोपी का विरोध किया तो आरोपी ने अपने साथियों को मौके पर बुला लिया और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला युवक का शव

- पुलिस ने शव को कब्जे में लिया फोरैंसिक टीम ने जुटाए तथ्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। तथ्य जुटाती फोरैंसिक टीम एवं पुलिस

शाहबाद में बुधवार प्रातः फायर स्टेशन के साथ कम्युनिटी हाल के नजदीक जलघर के पास एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। वहीं पर एक दुकानदार ने इस शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सतीश कुमार व शहरी चौकी प्रभारी महेश कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पहचान का कार्य शुरू किया गया। युवक की पहचान 21-22 वर्षीय रजत निवासी मौहल्ला खत्तरवाड़ा के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि मृतक रजत कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार गया था जो मंगलवार सायं को शाहाबाद पहुंचा। वह एक मंदिर में ठहरा हुआ था। वहां से जलघर तक कैसे पहुंचा उन्हें मालूम नहीं है। पुलिस द्वारा जानकारी जुटाए जाने पर पता चला कि यह मृतक मोटरसाईकिल से रात के समय मंदिर से निकला और इस जगह पर पहुंचा। पुलिस ने फोरैंसिक टीम को सूचित किया और डाक्टर कुसुम रानी ने आवश्यक जानकारी जुटाई। मौके से नशीला पदार्थ लेने वाली सीरिंज भी बरामद की गई है। मृतक ने सेना में भर्ती होने की तैयारी की थी और खूब दौड़ लगाता था।

मृत्तक की लगभग 1 वर्ष पहले लव मैरिज हुई थी लेकिन उसकी पत्नी गलत आदतों के चलते उसे छोड़कर चली गई थी। मृत्तक की मौत कैसे हुई यह पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा।

### गैर शिक्षक कर्मचारियों की क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच

# केयूके स्टार बनी टी-20 प्रतियोगिता की चैम्पियन

- खेल से मन और तन दोनों स्वस्थ रहते हैं : विनोद वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। विजेता टीम के खिलाड़ी।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में बुधवार को केयू गैर शिक्षक कर्मचारियों के तीसरे अनौपचारिक टी-20 प्रतियोगिता के फाइनल मैच में केयूके स्टार ने एक बार फिर इतिहास रचते हुए दूसरी बार प्रतियोगिता के चैम्पियन का खिताब अपने नाम किया। मैच में टॉस जीतकर केयूके स्पार्टन ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। केयूके स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 145 रन बनाए जिसमें जोनी वत्स ने 4 छक्के व 1 चौके के साथ सर्वाधिक 40 रन बनाए। वहीं स्पार्टन टीम की ओर से रामेश्वर दास, अंशुल शर्मा, सुशील यादव व कप्तान हरीश गैरोला ने 1-1 विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पिछली बार की चैम्पियन स्पार्टन टीम के ओपनर बल्लेबाज अंशुल शर्मा ने 7 चौके व 2 गगनचुंबी छक्के लगाकर सर्वाधिक 67 रन बनाए लेकिन दूसरे बल्लेबाज उनका ज्यादा साथ नहीं दे पाए और पूरी टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 125 रन ही बना सकी। मैच में शमशेर चौहान व कप्तान अरविन्द शर्मा ने 2-2 विकेट तथा कपिल थापा व दीपक थापा ने 1-1 विकेट लिया। मैच में अंपायर की भूमिका अजय यादव व पवन शर्मा ने निभाई। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि क्रिकेटर एवं कुवि के सहायक कुलसचिव विनोद वर्मा ने खेल गतिविधियों में सहयोग के लिए स्कूल के प्राचार्य डॉ. सुखविन्द्र सिंह का आभार जताते हुए कहा कि खेल से न केवल मानव मन बल्कि उसका तन भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने सभी गैर-शिक्षक कर्मचारियों द्वारा अनुशासन एवं सद्भावना के साथ खेली गई प्रतियोगिता के लिए सभी की प्रशंसा करते हुए चैम्पियन टीम के कप्तान अरविन्द श्रीवास्तव व पूरी टीम को विजेता ट्रॉफी से सम्मानित किया। इसके साथ मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए उपकप्तान शमशेर चौहान को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ी मौजूद रहे।

## छीनाझपटी के आरोपियों को कारावास की सजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त सैशन न्यायाधीश की अदालत ने हथियार के बल पर छीनाझपटी के आरोपी प्रिन्स बहल वासी विकास कालोनी इस्माईलाबाद व अमृतपाल उर्फ जोधा वासी चम्मू कलां जिला कुरुक्षेत्र को कारावास व जुर्मार्न की सजा सुनाई है। जानकारी देते हुए जिला न्यायवादी ने बताया कि 23 सितम्बर 2021 को थाना सदर पिहोवा पुलिस को दी अपनी शिकायत में हिमांशु वासी भिवानी ने बताया कि 22 सितम्बर 21 को वह हिसार से पेहवा होते हुए कुरुक्षेत्र अपनी रिश्तेदारी मे जा रहा था। वह हिसार से पेहवा कैब मे आया था तथा पेहवा बाईपास से कुरुक्षेत्र के लिए किसी साधन का इंतजार कर रहा था। उसी समय एक कार आई और उसने कुरुक्षेत्र तक उससे लिफ्ट मांगी। जब वह गांव मुर्तजापुर के पास पहुंचे तो कार सवार लडकों ने उसको पिस्टल दिखाकर उससे करीब 7 हजार 700 रूपए, मोबाईल फोन व उसका बैग छीन लिया तथा उसे वहीं पर उतार कर मौके से भाग गये। जिसकी शिकायत पर थाना सदर पेहवा में मामला दर्ज करके जांच उप निरीक्षक रमेश कुमार को दी गई। जांच के दौरान आरोपी प्रिंस बहल व अमृत पाल उर्फ जोधा को मामले में गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया था। जांच पूरी होने पर मामले का चालान न्यायालय में दिया गया था।ामले की नियमित सुनवाई करते हुए अतिरिक्त सैशन न्यायाधीश की अदालत ने गवाहों व सबूतों के आधार पर छीनाझपटी के आरोपी प्रिन्स बहल वासी विकास कालोनी इस्माईलाबाद व अमृतपाल उर्फ जोधा वासी चम्मू कलां जिला कुरुक्षेत्र को आईपीसी की धारा 379-बी के तहत 10/10 वर्ष कारावास व 25/25 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई। जुमार्ना न भरने की सूरत में 6 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। 3/3 वर्ष कारावास व 500/500 रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई।

## खबर संक्षेप

### चुनाव में मतदाता बढ़ चढ़कर लें हिस्सेदारी

**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त करनाल उत्तम सिंह ने मतदाताओं से आह्वान किया है कि वे नगर निगम चुनावों में आगामी 2 मार्च को बढ़-चढकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। सभी मतदाता लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने मतदाताओं के नाम जारी संदेश में कहा है कि मतदान न केवल हमारा अधिकार है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है, जो लोकतंत्र को सशक्त बनाता है। ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं के मतदान में सक्रिय रूप से भागीदारी निभाने से लोकतंत्र मजबूत होगा। मतदान हमें अपने नेताओं को चुनने और अपने शहर के भविष्य को आकार देने का अधिकार देता है।

### 20 लाख तक खर्च कर सकते हैं प्रत्याशी

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग के आदेशानुसार नगर परिषद के चेयरमैन पद के प्रत्याशी चुनावों में 20 लाख रुपए तक की राशि खर्च कर सकते है। इस राशि का हिसाब किताब रखने के लिए बकायदा रिकॉर्ड रखना होगा ताकि किसी भी समय इस रिकॉर्ड में दर्ज किए गए। इसी तरह नगरपालिका के अध्यक्ष पद के प्रत्याशी चुनावों में 12.50 लाख रुपए तक की राशि खर्च कर सकते है।

## महाशिवरात्रि पर जिलेभर के मंदिरों में दिनभर लगी रही शिव भक्तों की भीड़

# श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

महाशिव रात्रि का पावन पर्व बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं की लंबी लंबी लाइन लग गई थी। श्रदालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। वही नई अनाज मंडी में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किया और महाशिवरात्रि की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने महाशिवरात्रि पर पर्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की और से समय समय पर इस प्रकार के सहरानीय कार्य किए जाते हैं, जोकि समाज के उत्थान के अहम भूमिका अदा करता है। उन्होंने कहा कि शांति की खोज में आगे बढ़ना चाहिए और अपने लक्ष्य का पाने का प्रयास करना चाहिए। वहीं शहर में जगह जगह भंडारों का आयोजन किया गया। नसीब विहार कालोनी स्थित भंडारे में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की पुत्री ऐषणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और सभी को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं दी।






**करनाल।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि के कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते हरियाणा विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण तथा मंदिर में पूजा अर्चना करते श्रद्धालु।



**इंद्री।** मंदिर सुधार सभा इंद्री की ओर से महाशिवरात्रि पर्व पर निकाली गई शोभायात्रा। फोटो : हरिभूमि

### इंद्री में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि का पर्व

**इंद्री।** मंदिर सुधार सभा इंद्री की ओर से महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम व श्रद्धा से मनाया गया। इस मौके पर कस्बे मे एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मेहता पैलेस इंद्री से शुरू होकर शहर के विभिन्न बाजारों में से होती हुई शिव मंदिर पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का जलाभिषेक किया। इस शोभायात्रा में काफी संख्या में महिलाएं अपने सिरों पर कलश लेकर चल रही थी और शोभा यात्रा में महादेव की मनमोहक झांकियों को प्रस्तुत किया गया। शोभायात्रा मे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु महिलाओं व पुरूषों ने भाग लेकर हर हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारे लगाए जिससे शहर का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शहरवासियों द्वारा जगह जगह पर भंडारे लगाकर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा में जसपाल बैरागी व कर्ण मैहता ने शिरकत कर भगवान भोलेनाथ को नमन किया। मंच का संचालन अशोक मलिक ने किया। मंदिर सुधार सभा के प्रधान पवन सिंगला ने बताया कि मंदिर सुधार सभा की ओर से प्रत्येक पर्व को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। शिवरात्रि पर्व पर एक शोभायात्रा निकाली गई है। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि पर्व से कुछ दिन पहले से ही शहर में सुबह प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया जिसमें शहरवासियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम मे मंदिर सुधार सभा सदस्यों व कस्बावासियों का अहम योगदान रहा।



तरावड़ी। भंडारे मे सेवा करते मंडल के पदाधिकारी व भंडारा ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## महा संगमेश्वर मंदिर में लगाया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

महाशिवरात्रि के अवसर पर तरावड़ी नगरवासियों के सहयोग से ओम शिव शंकर सेवा मंडल की ओर से महा संगमहाश्वेर अरुणाय में दो दिन का विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारें का मंगलवार को प्रातः संगमहाश्वेर मन्दिर मे भोग लगवाकर मंडल के सरंक्षक सुभाष गुप्ता व प्रधान दुर्गेश मित्तल सहित मैंबरों ने शुभारंभ किया। प्रधान मित्तल ने बताया कि मंडल की ओर से 25-26 फरवरी को अरुणाय मन्दिर में पटियाला वालों की धर्मशाला में दो दिन का 19 वां विशाल भंडारा लगाया गया है। हजारों श्रद्धालुओं ने त्रयोदशी व शिवरात्रि के अवसर पर शिवलिंग पर जलभिषेक किया। मन्दिर प्रशासन द्वारा कावडिय़ों एवं दिव्यांग लोगों के लिये अलग से लाइनों की व्यवस्था की गई थी। भंडारे में शिव भक्तों के लिये धर्मशाला में रात को ठहराने के लिए शैड, कंबल, दवाईयां व भोजन की सुविधा उपलब्ध होती है। हजारों की तादाद में शिवभक्त भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण करते है। इस मौके पर सरंक्षक सुभाष गुप्ता, अध्यक्ष दुर्गेश मित्तल, उपाध्यक्ष गौरव बंसल, सचिव शन्टी मित्तल, कोषाध्यक्ष बनवारी लाल काठपाल, प्यारा लाल काठपाल, बलवन्त पड़वाला, मनोज चौधरी, विजय कुमार शर्मा, मदन लाल, सुरेश बंसल, राजिन्द्र सिंगला, अमन नारंग, रामकुमार, राजिन्द्र शर्मा, सुशील कुमार, दीपक, नरेन्द्र काठपाल मौजूद थे।




# बसंत दरबार उत्सव ने मन मोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निगदू

राजकीय महाविद्यालय निगदू में दो दिवसीय बसंत दरबार उत्सव का आयोजन करवाया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बसंत दरबार प्रतियोगिता में भिन्न भिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया गया l प्रतियोगिता में छात्रों ने बढ चढ कर भाग लिया कविता गायन में किरण, भारत, और प्रमजीत कौर ने प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्राप्त किया। श्लोक गायन प्रतियोगिता में अनुराधा, समा और शिवदयाल ने प्रथम, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। मिमिक्री मे समा, मनप्रीत और सोनम ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। मोनो एक्टिंग में भारत, पूजा और रितिक ने पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया l इसके पश्चात रंगोली मैं प्रीति कुसुम और अनुराधा ने पहला दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीं गायन प्रतियोगिता में पुजा, तमन्ना, ज्योति और शिल्पा ने प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया l नृत्य प्रतियोगिता में ज्योति प्रमजीत, जसप्रीत, पुजा, रितिक मनीसा ने प्रथम द्वितीय तीसरा हासिल किया I कार्यकारी प्रिंसिपल डा. रमेश सिंह अहलावत ने कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप जलाकर किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने निर्णायक मंडल के रूप में डा. बलबीर सिंह, डा राजपाल, डॉ विनोद कुमार, डा.मन्नू ज्योति गुप्ता, डा. आरती शर्मा, डा.सुमति और डा. जसविन्द्र सिंह ने मुख्य रूप से भूमिका निभाई।

## युवा मेरे भारत और डिजिटल साक्षरता विषय पर सात दिवसीय शिविर आयोजित


हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

के.वी.ए. डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में एनएसएस यूनिट 1 एवं यूनिट 2 द्वारा राज्य एनएसएस प्रकोष्ठ, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा, पंचकूला के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा के मार्गदर्शन में युवा मेरे भारत और डिजिटल साक्षरता विषय पर सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुरेन्द्र नागिया (प्राचार्य, पंडित चिरंजीलाल राजकीय महाविद्यालय, करनाल) द्वारा समारोह का शुभारंभ पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक, सांस्कृतिक नृत्य, देशभक्ति गीत जैसी विभिन्न आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रमों ने समाज के प्रति जागरूकता और सेवा भावना को उजागर किया। मुख्य अतिथि डॉ. सुरेन्द्र नागिया ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में ईमानदारी, कड़ी मेहनत और सकारात्मक मानसिकता के महत्व पर जोर दिया।



## जो बिकाऊ माल था वो कांग्रेस को छोड़कर चला गया : वीरेंद्र राठौर

**करनाल।** बुधवार को कांग्रेस नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं के बारे में कई खुलासे किए। इस मौके पर कांग्रेस नेता दिव्यांशु बुद्धिराजा, पूर्व विधायक सुमिता, वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरेंद्र राठौर, मेयर प्रत्याशी मनोज वधवा मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जो बिकाऊ माल था वो कांग्रेस को छोडक़र चले गए। काग्रेस नेताओं ने कहा कि जिन नेताओं ने पार्टी में रहकर ही पार्टी के साथ दगा किया है। इन्हें भाजपा में भी कोई सम्मान मिलने वाला नहीं है। मनोज वधवा ने कहा कि हर वार्ड में कांग्रेस मजबूत है। हीं मनोज वधवा ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि झूठी घोषणाएं करके जनता से वोट हथियाना चाहती है। करनाल शहर के बहुत से प्रोजेक्ट अधूरे पड़े। भाजपा ने विकास के नाम पर केवल जनता को बहकाने का काम किया।



**करनाल।** बॉर काउंसिल के निर्णय का स्वागत करते वकील। फोटो : हरिभूमि

## बार काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा के निर्णय का वकीलों ने किया स्वागत

**करनाल।** पंजाब, हरियाणा और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में 28 फरवरी को होने वाले जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के चुनावों में भाग लेने वाले उम्मीदवारों द्वारा आयोजित भव्य आयोजनों, खाने-पीने की पार्टियां एवं अन्य अशोभनीय कार्यक्रम आयोजित करने पर माननीय बॉर काउंसिल ऑफ पंजाब एंड हरियाणा, चंडीगढ़ ने प्रतिबंध लगाकर एक सराहनीय कार्य किया है जिसका वकीलों ने स्वागत किया है। जिला करनाल बॉर एसोसिएशन के वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट चौधरी शक्ति सिंह ने बॉर काउंसिल के इस निर्णय का स्वागत करते हुए कहा कि वकालत एक बहुत ही नेक पेशा है और वकील समुदाय पूरे समाज और देश को सही दिशा देने का काम करते हैं। इसलिए सभी के लिए कानूनी पेशे की गरिमा और प्रतिष्ठा को हर कीमत पर बनाए रखना बहुत जरूरी है। एडवोकेट चौधरी शक्ति सिंह, प्रवीण दरयाल, राजेश शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, संदीप चौहान, चिराग भारद्वाज व विवेक दरयाल ने कहा कि चुनावों में इस तरह से पार्टियां आयोजित करने से युवा वकीलों एवं समाज के लोगों में गलत संदेश जाता है।



तरावड़ी। शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# शिवरात्रि का पर्व श्रद्धा के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

शहर मे महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। महाशिवरात्रि के चलते शहर के मंदिरों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। शहर में भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए सुबह सवेरे से ही मंदिरों में बड़ी संख्या में शिव भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। मंदिर बोल बम बम-बम के जयकारों से गूंज उठे। मंदिरों में दिखी शिव भक्तों की कतारे। तरावड़ी के शहर मे हनुमान मंदिर, पंचायती मंदिर, मां अन्नपूर्णा आश्रम मे, महावीर मंदिर सहित विभिन्न शिव मंदिरों में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं में विशेष उमंग और उत्साह देखने को मिला। मंदिरों के बाहर शिव भक्तों की लंबी कतार में दिखीं। श्रद्धालु भोले बाबा को जल अर्पित करने के लिए परिवार के साथ पहुंचे।

### शिव भक्त पान, फूल-फल, बेलपत्र लेकर पहुंचे श्रद्धालु

मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालु पान, फूल, फल, दूध और बेलपत्र लेकर पहुंचे। जहां भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के बाद उन्हें अर्पित किया गया। शिव भक्तों ने कहा कि भोलेनाथ सब पर कृपा करते हैं और भगवान शिव की पूजा अर्चना करने से मन को शांति मिली है। उन्हें भी विश्वास है कि भोलेनाथ उनकी मनोकामना भी जरूर पूरी करेंगे। महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर मे व कई स्थानों पर शिवजी की कथा का कार्यक्रम अयोजित किये गये। हनुमान मंदिर के पुजारी विष्णु प्रसाद ने बताया कि भगवान शिव का यह पर्व भोले नाथ और मां पार्वती के विवाह के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव की बारात निकाली जाती है और शिव भक्त इसे बड़े ही श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाते हैं। उन्होंने कहा कि मंदिरों में आज खास दिन पर विशेष तैयारी की गई है।



तरावड़ी। स्कूल स्टाफ के चुने गये बच्चें फोटो सेशन करवाते हुये।

### प्रताप पब्लिक स्कूल में मनाया गया विदाई समारोह

**तरावड़ी।** प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी के प्रांगण में कक्षा 11वीं के छात्रों ने 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। समारोह के दौरान स्कूल पहुंचे विद्यार्थियों का स्वागत उनके अध्यापकों व 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा फूलों की वर्षा करके व तिलक लगाकर किया गया। रंगमंच का आरंभ करने से पूर्व स्कूल के चेयरपर्सन हन्नी चौधरी एवं निर्देशिका पिथी चौधरी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा रंगमंच की शोभा को बढ़ाते 12वीं कक्षा के छात्रों ने अध्यापकों के प्रति अपने प्रेम व भावनाओं को शायरी व कविता के माध्यम से प्रकट किया। इन कार्यक्रम के अलावा सीनियर के लिए विभिन्न प्रकार के फन गेम्स भी करवाई गई। सुंदर व रंग-बिरंगे परिधानों से सजे छात्रों की चहल- पहल से सारा स्कूल परिसर गूंज उठा। छात्रों की प्रतिभा और प्रदर्शन के आधार पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत कई विजेताओं का चयन किया गया। इस पार्टी की शोभा बढ़ाते हुए मिस्टर हैंडसम आदित्य एवं मिस ब्यूटीफुल भूमिका और मिस्टर प्रतापियन हरसिमरन एवं मिस प्रतापियन गुणिका को चुना गया।

# भारत विकास परिषद ने शिवपुरी में 30 वां वाटर कूलर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

भारत विकास परिषद शाखा तरावड़ी की ओर से चलाए जा रहे शीतल जल सेवा अभियान के तहत बुधवार को 30 वां वाटर कूलर शिवपुरी सेवा समिति तरावड़ी में लगाया गया है।

इस अवसर पर परिषद के प्रधान योगेश मिड्डा ने बताया कि परिषद को एक गुप्त दानी सज्जन के सहयोग से इस वाटर कूलर दिया है जो की शिवपुरी तरावड़ी में लगाया गया है। शुभारंभ करने से पूर्व गुरुद्वारा साहिब शीशगंज से पाठी जी ने गुरु अरदास करके इसका शुभारंभ किया। परिषद के प्रधान योगेश मिड्डा ने गुप्त दानी सज्जन का धन्यवाद करते हुये कहा कि ठंडे पानी की सेवा करना पुण्य कार्य है। मै परिषद की ओर से दानी सज्जन का आभार प्रकट करता हूं। इस अवसर पर परिषद के सचिव राकेश हंस ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा शहर में कई सेवा प्रकल्प चलाए जा रहे हैं।

कन्यादान शगुन, शीतल जल सेवा, स्कूल वर्दी, गर्म कपड़े वितरण, स्कूल की किताबें, गरीब परिवारों को राशन वितरण, रक्तदान शिविर, पौधारोपण, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मेघावी छात्र सम्मान, एंबुलेंस सेवा हैं। इस अवसर पर पीके भारद्वाज, जयभारद्वाज मोहित चौधरी, दीपक गोयल, राकेश हंस, सन्नी बूटी सहित शाखा के सदस्य उपस्थित थे।




**तरावड़ी।** शिवपुरी मे वाटर कूलर का शुभारंभ करते हुये परिषद के अध्यक्ष योगेश मिडडा, राकेश हंस व परिषद के पदाधिकारी।

**प्रतियोगिता** गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में राज्य स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता आयोजित

कालेज प्रबन्धन समिति ने प्रतियोगिता में विजेता विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया

# गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान पर छात्रों ने सुन्दर तथा ओजस्वी भाषण दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

गुरू नानक खालसा कॉलेज करनाल में गुरु तेग बहादुर एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा राज्य स्तरीय संभाषण प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। गुरु तेग बहादुर जी के जीवन और बलिदान विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में अम्बाला, करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत, यमुनानगर, कैथल, असंध, निसिंग तथा अन्य स्थानों से आए छात्र-छात्राओं ने गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान उनकी शिक्षाओं पर सुन्दर तथा ओजस्वी भाषण दिए। सर्वप्रथम ट्रस्ट के चेयरमैन और पूर्व प्राचार्य प्रो0 एस. एस. बरगोटा ने कहा कि ट्रस्ट गुरु तेग बहादुर जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए विभिन्न स्कूल एवं कालेजों के होनहार और जरूरतमत विद्यार्थियों की सहायता करते हुए उनकी फीस तथा पुस्तकें उपलब्ध करवाता है। इस बार भी उन्होंने 66 हजार रुपये से विद्यार्थियों की सहयता की है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सागा म्युजिक कम्पनी के चेयरमैन स. गुरबक्श सिंह मनचंदा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. संदीप सिंह सोढी लुधियाना वाले रहे। कालेज प्रबन्धन समिति के महासचिव स. सुरिन्द्रपाल सिंह पसरीचा तथा प्राचार्य प्रो. शशि मदान मे कार्यक्रम की अध्यक्षता की और विद्यार्थियों का हौंसला बढ़ाया। मंच का संचालन कार्यक्रम के प्रोजेक्ट डायरेक्टर तथा पूर्व डी. एस. के गोयल ने किया जबकि ट्रस्ट के महासचिव स. इन्द्रजीत सिंह दुआ ने उनका सहयोग किया। हरियाणा पंजाबी साहित्य अकादमी के पूर्व डिप्टी चेयरमैन डा. नरेन्द्र सिंह विर्क, अन्तर्राष्ट्रीय साहित्यकार डॉ. अशोक भाटिया तथा हैड ग्रन्थीस. अमृतपाल सिंह ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कॉलेज प्रबन्धन समिति के प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। इस अवसर पर स. गुरदीप सिंह खरबंदा, स. गुरशरण सिंह, गुलजार सिंह चीमा, जसवीर गुलाटी, मनजीत सिंह मल्ली, सुखवंत सिंह विर्क, सुरजीत सिंह ढिल्लों, नरेन्द्र सिंह लाडी, के. एल. टंडन, डॉ. कृष्ण अरोड़ा, डॉ. बीर सिंह, डॉ. देवी भूषण, डॉ. जतिन्दर पाल एवं भारी संख्या मे छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।




**करनाल।** विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे परिणाम

संभाषण प्रतियोगिता में एस.डी. कालेज पानीपत के छात्र वंश ने पहला पुरस्कार जीता, एस. डी. कॉलेज अम्बाला कैन्ट की छात्रा एलिश ने दूसरा तथा के. वी. ए.डी.ए.वी कालेज करनाल की छात्रा तान्या शर्मा ने तीसरा पुरस्कार जीता। माता सुन्दरी कालेज निसिंग, एम.एल.एन. कॉलेज यमुनानगर तथा डी.ए.वी. बी.एड कालेज को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया। एस. डी. कॉलेज पानीपत को ओवरआल गुरु तेग ट्रॉफी रनिंग ट्राफी प्रदान की गई। 3100 रुपये का प्रथम, 2100 रुपये दूसरा तथा 1500 रुपये का तीसरा पुरस्कार प्रदान किए तथा साथ ही भाग लेने वाले सभी 27 प्रतिभागियों को 1000 रुपये पुरस्कार दिए गए।

## खबर संक्षेप

### खेड़ा होंगे आप के मेयर प्रत्याशी

**पानीपत।** पानीपत नगर निगम चुनावों के लिए आम आदमी पार्टी ने भी अपने मेयर दावेदार की घोषणा कर दी है। आप ने प्रतीपाल खेड़ा को अपना मेयर उम्मीदवार घोषित किया है। प्रतीपाल खेड़ा ने कहा कि नगर निगम चुनाव के लिए भ्रष्टाचार, सफाई की व्यवस्था समेत अनेकों ऐसे मुद्दे हैं, जिस पर चुनाव लड़ा जाएगा। बीजेपी ने शहरवासियों को किसी तरह की सुविधाएं देने का काम नहीं किया है।

### कांग्रेस ने सविता को उतारा मैदान में

**पानीपत।** कांग्रेस ने नगर निगम के मेयर पद के लिए सविता गर्ग को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं सविता गर्ग कांग्रेस के चुनावी निशान पर लड़ेगी या फिर समर्थन पत्र पर इसका अभी कांग्रेस ने खुलासा नहीं किया है। बताया यह भी जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे वीरेंद्र पाल बुल्ले शाह के कार्यालय पर सभी वार्डों से कांग्रेस से चुनाव लडने के इच्छुक प्रत्याशियों को बुलाया और उन्हें वीरवार को नामांकन दाखिल करने के निर्देश दिए है।

### सीआईए थ्री पुलिस की टीम ने दो चोर पकड़े

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस की टीम ने खेतों से ट्यूबवेल की तार, ग्रीफ व स्टार्टर चोरी करने वाले शातिर चोर गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के दो आरोपियों अंकित उर्फ खत्री पुत्र विजयपाल व गगन उर्फ अभय पुत्र वेदपाल निवासी गांव गढ़ी सिकंदरपुर जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपियों ने जिला में खेतों से ट्यूबवेल की तार व अन्य सामान चोरी करने की तीन व बाइक चोरी की एक अन्य वारदातों को अंजाम देने बारे स्वीकारा। चोरी की उक्त वारदातों बारे संबंधित थानों में केस दर्ज है।

### ब्रह्माकुमारी सेंटर पर महाशिवरात्रि पर्व मनाया

**पानीपत।** हुडा सेक्टर 25 स्थित ब्रह्माकुमारी सेंटर पर महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं, सेंटर की संचालिका बीके अंजना ने शिवरात्रि का महत्व बताते हुए कहा की आज मानव अज्ञान की गहरी नींद में सोए हुए हैं। यह सबसे बड़ी भूल है लेकिन जिस प्रकार सूरज की पहली किरण रात के अंधकार को तोड़ती है उसी प्रकार आध्यात्मिक ज्ञान हमें जागृत करता है। इस अज्ञान की रात में स्वयं परमपिता शिव परमात्मा इस संसार में अवतरित होते हैं।

### दयानंद पंवार के निधन पर शोक जताया

**समालखा।** समालखा बार एसोसिएशन के पूर्व सचिव व माकपा नेता कामरेड एडवोकेट दयानंद पंवार का ब्रेन हेमरेज से आकस्मिक निधन हो जाने पर समालखा क्षेत्र में शोक छा गया। पंवार का उनके पैतृक गांव पट्टी कल्याणा में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं पंवार ने ताउम्र कमेरे वर्ग के हित के लिए संघर्ष किया।

### आर्य समाज ने ऋषि बोधोत्सव मनाया

**पानीपत।** आर्य समाज हुडा में ऋषि जन्मोत्सव व ऋषि बोधोत्सव पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में अतिथि श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, सनातन धर्म संगठन के प्रधान कृष्ण रेवड़ी, समाजसेवी राजेश आहूजा, आर्य समाज हुडा महिला सदस्या सुनीता आर्य, सान्या आर्य, आत्म बरेजा, दलबीर आर्य, प्रमोद आर्य, राजीव गर्ग, अनु गर्ग, बेला भाटिया, राकेश भाटिया, अंकित भाटिया, नंदिनी भाटिया, शिखर भाटिया, साक्षी भाटिया, अनुराग बतरा, सुधा बतरा उपस्थत रहे। स्वामी आर्यवेश प्रधान आर्य सार्वदेशिक प्रतिनिधि सभा दिल्ली ने स्वामी दयानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला।

### श्री सुंदरकांड का पाठ किया

**पानीपत।** एलसीआईटी पब्लिक स्कूल में श्री सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। प्रातः काल स्कूल के प्रांगण में हवन विधिवत रूप से मंत्र उच्चारण के साथ किया गया। जिसके बाद सूर सम्राट लेखराज जताना द्वारा संगीतमय श्री सुंदरकांड का पाठ किया गया। जिसमें स्कूल के स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।

उत्सव में भारतीय प्राचीन संस्कृतियों से जुड़ी झांकियों को दर्शाया

# एसडी इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। एसडी इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करते विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

एसडी इंटरनेशनल में विद्यालय का वार्षिकोत्सव "अनुभूति" बहुत ही धूमधाम के साथ आयोजित हुआ। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पदमश्री गुरु श्री शशधर आचार्य, विशिष्ट अतिथियों में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया पूर्व मेयर अवनीत कौर, जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत विद्यालय अध्यक्ष और प्रधानाचार्या द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। जबकि उत्सव में भारतीय प्राचीन संस्कृतियों से जुड़ी हुई ऐतिहासिक और पौराणिक प्रमुख झांकियों में हमारे पंचमहाभूतों की उत्पत्ति, श्रीराम के वन- गमन में राम भक्त शबरी का मिलन, भीष्म पितामह, आचार्य द्रोण, पांडवों, महाकवि कालिदास, तेनालिरामा आदि को दर्शाया गया। इनके माध्यम से सुख-दुख, आश्चर्य, हास्य-विनोद, स्वदेश–प्रेम, करुणा एवं भक्ति इत्यादि अनुभूतियों को जीवंत किया गया। प्रधानाचार्या ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने अपने संबोधन में एसडी संस्था द्वारा एसडी इंटरनेशनल स्कूल के रूप में जो एक नन्हा पौधा लगाया है वह आने वाले समय में एक विशाल वटवृक्ष बनेगा। जबकि मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि कला एक श्रेष्ठ विधा है। बच्चों को उनकी रूचि के अनुरूप आगे बढ़ने में अभिभावकों को अपना सहयोग देना चाहिए।

# जनता को मिलेगा यमुना नदी का स्वच्छ पेयजल:भट्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा के नगर निगम चुनाव कार्यालय में जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पार्टी का जिला स्तरीय संकल्प पत्र जारी किया है। वहीं, दुष्यंत भट्ट ने कहा कि हम एक टोल फ्री नंबर भी जारी करेंगे। जिससे की अनेकों काम ऐसे होंगे, जोकि लोगों के घर बैठें ही होंगे। इनमें एनओसी से जुड़े काम और प्रॉपर्टी टैक्स से जुड़े काम शामिल होंगे। इन कामों के लिए लोगों को निगम के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। ये काम टोल फ्री नंबर पर कॉल करने से ही हो जाएंगे। निगम से संबंधित कर्मचारी व्यक्ति तक पहुंचेगा और काम को पूरा करेगा। निगम क्षेत्र में यमुना का जल रैनीवेल प्रोजेक्ट के तहत यमुना नदी से शहर में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। ड्रेन नंबर एक को पक्का कर सड़क निर्माण किया जाएगा जो पूरे शहर में एक मिनी बाई पास का काम करेगी। सभी नालों की नियमित सफाई करवाई जाएगी। असंध रोड नहर किनारे सड़क निर्माण व यातायात एवं हादसों के नियंत्रण के लिए असंध रोड नहर के दोनों ओर सड़क निर्माण किया जाएगा।

#### जनता से ये वादे किए

पानीपत शहर में जीटी रोड पर यातायात जाम से छुटकारा दिलाने के लिए पुल के नीचे की रेलिंग पिलर के साथ लगाकर जीटी रोड को चौड़ा कर यातायात को सुगम किया जाएगा। चंडीगढ़ की तर्ज पर स्काईलार्क पार्किंग को अलग स्थान दिया जाएगा। महिला एवं नागरिक सुरक्षा अपराध नियंत्रण, महिला एवं नागरिक सुरक्षा के मद्देनजर मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। मेन चौक चौराहों पर बेहतर रोशनी के लिए नई लाइटें लगाई जाएगी। देवी मंदिर से बबैल नाके तक ड्रेन नंबर एक के किनारे पर जाली लगाकर स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। चिकित्सकों, नगर निगम अधिकारियों और सक्रिय नागरिकों को शामिल करते हुए एक स्वास्थ्य और स्वच्छता समिति का गठन किया जाएगा।

# जीटी रोड के चौड़ा होने से ट्रैफिक सुगम होगा : विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



- विधायक विज ने जीटी रोड के चौडाकरण कार्य का निरीक्षण किया, विकास कार्यों पर 18 करोड की लागत आएगी

पानीपत। जीटी रोड के चौडाकरण का निरीक्षण करते हुए विधायक प्रमोद विज, आदि। फोटो :हरिभूमि

पानीपत शहर के बीच गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग जीटी रोड के चौड़ीकरण का कार्य प्रारम्भ हो गया है। वहीं बुधवार को पानीपत शहरी विधायक प्रमोद कुमार विज ने एनएचए आई के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। विधायक विज ने इस दौरान सड़क किनारे बन रहे नालो के पॉइंट को ठीक तरह से बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जीटी रोड के चौड़ी करण से शहर वासियों को ट्रैफिक जाम की समस्या से राहत मिलेगी एवं आवागमन में समय भी कम लगेगा। सड़क का जीर्णोद्धार बेहतर तरीके से हो इस हेतु अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए है। 18 करोड़ की लागत से सड़क का चौड़ीकरण दोनों तरफ किया जाएगा। वहीं, विधायक विज का दावा है कि मुख्यमंत्री नायक सैनी व उनका प्रयास है कि पानीपत शहर समस्या से मुक्त हो। प्रदेश सरकार धरातल पर कार्य कर रही है। निगम चुनाव में भाजपा मेयर व पार्षद पदों के प्रत्याशियों की जीत के बाद विकास कार्य और अधिक तेजी से होंगे।

# आईबी कॉलेज के विद्यार्थियों ने दिल्ली में शैक्षणिक यात्रा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। दिल्ली में लाल किला के भ्रमण पर पहुंचे आईबी कॉलेज के विद्यार्थी।

आईबी पीजी कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा दिल्ली के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक यात्रा का सफल आयोजन किया गया। इस यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की ऐतिहासिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक विरासत से अवगत कराना था। यात्रा की शुरुआत कॉलेज परिसर से हुई, जहां प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक और राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. किरण मदान ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह यात्रा उनके शैक्षणिक अनुभव को और समृद्ध करेगी। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने इस यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए इस तरह की शैक्षणिक यात्राएं बहुत आवश्यक हैं। इतिहास और राजनीति को सिर्फ पुस्तकों में पढ़ने के बजाय उन्हें प्रत्यक्ष रूप से देखने और समझने से विद्यार्थियों की सोचने और विश्लेषण करने की क्षमता का विकास होता है। कॉलेज प्रशासन हमेशा ऐसे शैक्षणिक प्रयासों को प्रोत्साहित करेगा। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने लाल किला, इंडिया गेट, राष्ट्रीय संग्रहालय और अक्षरधाम मंदिर का भ्रमण किया। लाल किले में छात्रों ने मुगलकालीन इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

# पानीपत में धूमधाम से मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



महाशिवरात्रि पर्व पर भंडारे श्रद्धालुओं को भोजन देते हुए समाज सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रवीण जैन।

पानीपत के शहरी व ग्रामीण अंचल में जहां महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं समाज सेवा संगठन की ओर से जीटी रोड पर महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर 33 वां विशाल भंडारा लगाया। जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि समाज सेवी विजय जैन वशिष्ठ अतिथि गोपाल तायल नरेश जैन दीपक सिंगला ने किया। अतिथियों ने कहा समाज सेवा संगठन सामाजिक कार्य में हमेशा अग्रणी रहता हैं। जबकि समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया महाशिवरात्रि पर्व का बहुत ही महत्व है। इसी दिन शिव और शक्ति का मिलन हुआ था। महाशिवरात्रि पर्व पर शिव भगत गौमुख गंगोत्री ऋषिकेश हरिद्वार से गंगा जल लाकर शिवलिंगों पर चढ़ाते हैं। वहीं, भोले बाबा सबकी मनोकामना पूरी करते है।

उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर भंडारा लगाने का विशेष महत्व है, भोले बाबा अपने भगत की सेवा से खुश होते है। पुराणों में भी वर्णन है नर सेवा ही नारायण सेवा है। जबकि संगठन के पदाधिकारियों ने अतिथयों को स्मृति चिन्ह भेंट किया। वहीं, गुलशन कटारिया नीरज जैन कैलाश जैन राजिंदर जैन अमित जैन अंकित माटा मनोज गांधी सुभाष गोस्वामी राम उजागिर शर्मा भोला मेहता अशोक मुखीजा गोपी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# मानवता का कल्याण करते हैं शिव : प्रभुभक्तानंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



- यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। डीजे के भजनों पर थिरकते हुए यात्रा निकाली गई।

पानीपत। मानव उत्थान सेवा समिति, महाशिवरात्रि पर्व पर कलश यात्रा निकालते हुए। फोटो :हरिभूमि

मानव उत्थान सेवा समिति के तत्वावधान में महाशिवरात्रि के उपलक्ष में रविवार को नयना देवी मंदिर से महावीर चौक होते हुए मोडा वाला मंदिर के पीछे श्रीहंस सत्संग आश्रम तक कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। डीजे के भजनों पर थिरकते हुए यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर महात्मा श्री प्रभुभक्तानंद ने बताया की वास्तव में शिव भजन वह है जो कि भगवान शिव ने स्वयं किया और काशी में जीवों के कल्याण के लिए उपदेश किया। उस शिव भजन को जानने से ही कल्याण होगा। महात्मा संजीवनी बाई ने सत्संग में सुनाया की मीराबाई के पास अपार धन था। महाराणा की वे पत्नी थी। किसी वस्तु की उसे कमी नहीं थी। हीरे जवाहरात की कमी नहीं थी लेकिन मीराबाई को उस अथाह धन से सुख शांति नहीं मिली जो उनको भगवान के श्री चरणों में मिली। अतः हमें श्री गुरु महाराज के श्री चरणों से प्रेम करना चाहिए। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। जगनलाल कुलताजपुर के द्वारा भंडारे की व्यवस्था की गई। अंत में आरती के बाद सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश यादव डायरेंटर, लालचंद, नंदलाल, संतराम, महीपाल, बिहारीलाल, नेतराम, रोशनी, माली, हरिराम,पूजा, सुमन, लेखराज आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

### पांचाल ने चुनाव प्रचार किया

**पानीपत।** नगर निगम वार्ड छह की देसराज कॉलोनी में भाजपा प्रत्याशी कोमल पांचाल ने अपनी टीम के साथ डोर टू डोर अभियान चलाकर नौ मार्च को होने वाले निकाय चुनाव के लिए वोट मांगे। इस अवसर पर भाजपा नेता बिजेंद्र पांचाल, मोहर सिंह सैनी, कुलदीप गोयल, रविंद्र पांचाल, सतीश मंडावर, अमित कुमार व सीमा गोयल ने दावा किया कि कोमल पांचाल की ऐतिहासिक जीत तय है।

# विद्यार्थियों को आपदा प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- जिला स्तरीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर आयोजित

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा के महासचिव डॉ मुकेश अग्रवाल व उपायुक्त नेहा सिंह के दिशा निर्देशन में पांच दिवसीय जिला स्तरीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर श्रीकृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कुरुक्षेत्र में लगाया गया। कुमारी अंजू कश्यप कैंप निदेशिका ने बताया कि पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में जिले के विभिन्न 9 महाविद्यालयों के लगभग 100 छात्र-छात्राएं एवं काउंसलर ने भाग लिया। शिविर मे आपदा प्रबंधन के मास्टर ट्रेनर गुरप्रीत सिंह ने प्रतिभागियों को आग, बाढ़, भूकंप जैसी आपदा मे बचाव व राहत पहुंचाने का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपदा के समय अनुशासन व सोच-समझ कर राहत कार्य अपने टीम लीडर या आपदा प्रबंधक निदेशक के मार्गदर्शन मे करना चाहिए। किसी भी अफवाह पर ध्यान नहीं देना चाहिए। किसी सूचना की सत्यता को प्रमाणित करने के लिए जिला मुख्यालय से समय पर सम्पर्क कर लेना चाहिए। टीवी या रेडियो पर आपदा प्रबंधन हेतू सरकार और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी निर्देशों पर ध्यान देना चाहिए। सभ्य नागरिक बन कर देश निर्माण में सहयोग करना चाहिए।

### बार के चुनाव ईवीएम से ही होंगे

**पानीपत।** पानीपत जिला बार एसोसिएशन का चुनाव ईवीएम से ही होंगे। इसके लिए हरियाणा चुनाव आयोग ने बार काउंसिल पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के चेयरमैन विजेंद्र सिंह अहलावत की भेजी अर्जी को स्वीकार कर लिया है। साथ ही आयोग ने उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया को पानीपत जिला बार के चुनाव अधिकारी टीम को ईवीएम मशीनें देने के निर्देश दिए है। गौरतलब है कि प्रदेश में निकाय चुनाव के चलते जनवरी माह में चुनाव आयोग ने ईवीएम देने से साफ तौर पर मना कर दिया था। जिसके बाद बार में बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की तैयारियां शुरू कर दी गई थी।

**कार्यक्रम** पानीपत युवा संगठन व बॉडी बिल्डिंग एसो. ने महाशिवरात्रि पर्व पर हलवे का प्रसाद बांटा

# भगवान शिव अपने हर भक्त का भला करते हैं : राहुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



- शिव की उपासना से न केवल सुख–समृद्धि की प्राप्ति बल्कि व्यक्ति के बड़े से बड़े दुखों का भी अंत होता है
- शिवालय जाकर शिवलिंग पर गंगाजल और गाय का दूध अर्पित किया

पानीपत। महाशिवरात्रि पर्व पर प्रसाद बांटते हुए सचिन शशि कपूर व रमेश यादव आदि। फोटो :हरिभूमि

महाशिवरात्रि पर्व के पावन मौके पर असंध रोड स्थित भगत सिंह मार्केट फिगर फिट जिम के बाहर पानीपत युवा संगठन एवं बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन पानीपत के प्रधान सचिन शशि कपूर व रमेश यादव उर्फ शेरू उस्ताद द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन कर हजारों श्रद्धालुओं को हलवे का प्रसाद बांटा। वहीं भंडारे में विधायक प्रमोद विज के पुत्र राहुल विज व अनिल मदान पार्षद प्रत्याशी वार्ड-23 ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। इधर, राहुल विज ने कहा कि महाशिवरात्रि, महादेव की कृपा पाने के सबसे बड़ा और शुभ अवसर है। भगवान शिव अपने हर भक्त का भला करते है। मान्यता है कि इस दिन उनकी उपासना से न केवल सुख-समृद्धि की प्राप्ति बल्कि व्यक्ति के बड़े से बड़े दुखों का भी अंत होता है। शशि कपूर व शेरू उस्ताद ने बताया कि शिव भगत महाशिवरात्रि पर्व पर व्रत रखते हैं। इस दिन शिवालय जाकर शिवलिंग पर गंगाजल और गाय का दूध अर्पित करते है। इस मौके पर राहुल सेठी, साजन सरदार, अज्जू राणा, दिपेश रहेजा, संग्राम चौहान, विक्की हुड्डा, पंकज कपूर, रविंद्र यादव, हैप्पी शर्मा, नवीन सैनी, मुनीश सैनी मुख्यरूप से मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया

**समालखा।** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पानीपत जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने करहंस गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक समालखा नरेंद्र सिंह ने कहा की नशा मनुष्य के शरीर को अंदर से खोखला कर देता है। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज व परिवार में कोई भी मान सम्मान नही करता है। उन्होंने कहा कि नशे से शरीर का नुकसान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में पुलिस स्कूल, कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। वहीं, विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जीवन में नशा न करने की शपथ दिलाई।

**खबर संक्षेप**

### नेशनल लोक अदालत सात को आयोजित होगी

**अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने बताया कि स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत मे नेशनल लोक अदालत का आयोजन 7 मार्च को किया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि वे अदालत मे लम्बित मुकदमें व प्री लिटिगेशन स्टेज पर मुकदमे लोक अदालत मे रख कर उनका निपटारा करवा सकते है जिससे समझौते से मुकदमें का निपटारा होने पर भाईचारे की भावना बढ़ती है।

### मारपीट के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सेक्टर-9 में दर्ज मारपीट के मामले में पुलिस ने आरोपी मान सिंह को गिरफ्तार किया है। रवालों के राज कुमार ने 27 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी मान सिंह व अन्य ने उससे तथा उसके साथी से लड़ाई-झगड़ा कर मारपीट करते हुए चोटें पहुंचाई हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### सामाजिक संस्था ने दी सेवाएं

**अम्बाला।** बाबा किशनपुरी समाधि, अंबाला। रामबाग अंबाला शहर में बुधवार को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर एक्का सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा अपनी सेवाएं दी गई। गौरतलब है कि रामबाग अंबाला शहर में महाशिवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की लंबी लगती हैं। पूरे शहर भर से लोग यहां पर बेलपत्र, धतूरा, फूल व दूध व जल चढ़ाने आते हैं। फाउंडेशन द्वारा लोगों को लाइन में मंदिर के गर्भ स्थल पर पहुंचने में मदद की गई।

### मारपीट में एक युवक घायल, शिकायत दर्ज

**कैथल।** कैथल के पाडला रोड ड्रेन के निकट हुई मारपीट में एक युवक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव छौत के रोहित ने शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 24 फरवरी को शाम के समय जब वह पाडला रोड ड्रेन के निकट से गुजर रहा था तो 4 व्यक्तियों ने उसके साथ मारपीट करते उसे घायल कर दिया।

### युवती का पीछा कर किया ब्लैकमेल, केस

**कैथल।** सदर पुलिस कैथल द्वारा युवती का पीछा कर ब्लैकमेल करने के आरोप में एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस बार में सदर पुलिस का कैथल के तहत आने वाले गांव की युवती ने आरोप लगाया है कि संदीप नामक युवक ने कई बार गली में आते जाते समय उसका पीछा किया तथा उसे ब्लैकमेल भी किया।

### चोरी के मामलों में दो आरोपी गिरफ्तार


**कैथल।** चोरी के मामलों में चौकी किठाना व थाना पूंडरी पुलिस द्वारा 2 आरोपी काबू कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नगर खेड़ा के दानपात्र से पैसे चोरी के मामले की जांच सआई दलबीर की टीम ने करते आरोपी कलासर निवासी नरेंद्र को काबू कर लिया।

जिलेभर में धूमधाम से मनाया पर्व, हाथीखाना मंदिर में सुबह से शाम तक रही भक्तों की भारी भीड़

# महाशिवरात्रि पर हर हर महादेव के जयकारों से गूंजे शिवालय, दिनभर लगी रही श्रद्धालुओं की लाइनें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिले भर में बुधवार को महाशिवरात्रि त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। तमाम शिवालयों में सुबह से ही भक्तों की पूजा अर्चना के लिए लंबी लाइनें लग गई थी। खासकर अंबाला छावनी के हाथीखाना मंदिर तड़के से ही जय भोले के जयकारों गूंज उठा। इसके अलावा अंबाला शहर के तमाम शिव मंदिरों में भी सुबह से शाम तक तक लोग भगवान शिव पर जल चढ़ाते रहे। कई मंदिरों में तो शाम तक लाइनें लगी रही। महाशिवरात्रि पर मंदिरों में श्रद्धालुओं के तांते के साथ ही जगह-जगह भडारे भी आयोजित किए गए। इनमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव का भी आशीर्वाद लिया।







**अंबाला।** शोभायात्रा में शामिल होते हुए ग्रामीण व हवनयज्ञ में आहुतियां डालते शिवभक्त व आर्य समाज मन्दिर में हवनयज्ञ करते शिवभक्त।

### घेलड़ी में शिवरात्रि पर निकाली शोभायात्रा

**बराड़ा।** गांव घेलड़ी में शिवरात्रि बड़े धूमधाम से मनाई गई। गांव के मंदिर में श्रद्धालुओं ने माथा टेककर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। सुबह से मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ना शुरू हो गयी थी। भगवान शिव की पूजा अर्चना के बाद गांव में शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा गांव के शिव मंदिर से शुरू होकर गांव की गलियों से होते हुए वापिस शिव मंदिर पर जाकर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। शोभा यात्रा का जगह-जगह ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस शोभायात्रा व झांकी का आयोजन मिड डे मील यूनियन की खंड बराड़ा की प्रधान ममतेश चौहान की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर प्रदीप राणा, लकी, सोनू नम्बरदार, माणिक राणा, भरत राणा, अर्जुन राणा, रमन राणा, शेरी राणा, सविता रानी, सुमन रानी, ममतेश कुमारी, रानी, डिंपल, रूबी, कमलेश, सरिता, रजनी, सलोचना, मंजू, सुषमा व अन्य उपस्थित रहे।

### शिवरात्रि पर रुद्र महायज्ञ

**नारायणगढ़।** महाशिवरात्री पर्व क्षेत्र के मंदिरों में बड़ी धूमधाम एवम हर्षोल्लास से मनाया गया। बुधवार को सुबह से ही सभी मंदिरों में जल चढ़ाने हेतु श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मुख्य समारोह प्राचीन शिव मंदिर नजदीक सब्जी मंडी में मनाया गया। जहां पर 41वें रूद्र महायज्ञ के आयोजन पर 21 फरवरी से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के छठे दिन सुबह 8 बजे से 12 बजे तक तथा बाद दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। आयोजकों द्वारा शिव मंदिर पंडाल में हवन यज्ञ हेतु 7 विशाल हवनकुंड बनाए गए। जिनमें 1 समय में 1 हवन कुंड पर 20 से 22 शिवभक्तों द्वारा आहुतियां डाली गई। आयोजन का समापन 27 फरवरी को महायज्ञ की पूर्णाहुति के साथ-साथ संत सम्मेलन व अटूट भंडारे के साथ किया जाएगा।

### मनाया ऋषि बोधोत्सव

**नारायणगढ़।** आर्य समाज मेन बाज़ार द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ऋषि बोधोत्सव मनाया गया। जिसमे सर्वप्रथम संसार का श्रेष्ठतम तथा ऋषियों द्वारा अनुमोदित यज्ञ किया गया। यज्ञ में चन्द्रपाल शास्त्री ने परमपिता परमात्मा के गुणवाचक नाम शिव का वर्णन करते हुए यज्ञ में सबके कल्याण की प्रार्थना स्वरूप मंत्रों से आहुतियां डलवाई। उन्होंने कहा की वह भगवान जो सबका कल्याण करता है जो सभी बुराइयों से बचने हेतु सबके अंतःकरण में रहता हुआ प्रतिपाल संकेत करता रहता है वही परमात्मा हमे बुराइयों से छुड़ाकर अच्छाइयों पर चलने की प्रेरणा दे। सभी आगंतुकों ने बड़ी श्रद्धा से यज्ञ में आहुतियां डाली। यज्ञ के पश्चात डीएवी स्कूल की छात्रा कुमारी प्रांजल वालिया ने श्रोताओं को संबोधित करते हुए महर्षि दयानंद विषयक एक हृदय स्पर्शी कविता सुनाई। जिसे सभी श्रोताओं ने खूब सराहा तथा तालियों से छात्रा का उत्साह वर्धन किया। शास्त्री ने भजनों से माध्यम से बताया कि इसी दिन बालक मूलशंकर को पिता कर्षण तिवारी ने शिवरात्रि के व्रत के लिए तैयार किया जिज्ञासु बालक ने व्रत रखा और पिता के साथ मंदिर में चले गए और जागरण में शामिल हो गए किंतु रात्रि व्यतीत होने के साथ सभी भक्त जन सोने लगे तथा शिवलिंग पर चढ़े प्रसाद को मूषक बिल से निकालकर खाने लगे तभी जिज्ञासावश बालक ने एक एक भक्त को जगा-2 कर पूछा कि शिव कब आएंगे। संतोष जनक उत्तर ना पाकर मूर्ति रूप शिव से बालक का मोह भंग हो गया बालक भारत की तकदीर जाग गई और और कोमल हृदय बालक मूलशंकर के मन में सच्चे शिव की खोज प्रारम्भ होग हो गई मन में शिव से मिलने की चाह लिए और अदम्य उत्साह लिए शिव की खोज में निकल पड़ा। भटकते भटकते गुरु विरजानंद की कुटिया में पहुंचे थे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर आर्य समाज के प्रधान डॉ राजेंद्र तायल,विद्यालय के प्रबंधक डॉ विश्वबंधु गुप्ता , कृष्ण लाल बुधिराजा , दर्शन लाल , श्रीमती सुदर्शना , मनवीर कुमारी , मुख्याध्यापिका मीनाक्षी गुप्ता , लीना , चहक , महक , विशाल गर्ग , चमन लाल सैनी , मनीष , मदन मोहन , दीपक वालिया , सुरेंद्र बख्शी भी मौजूद रहे।

## शिवरात्रि पर जीवन मुक्ति का सर्वश्रेष्ठ वरदान लें भक्तजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

प्रजापिता ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय दयालबाग की ओर से शिवरात्रि के अवसर पर हाथी खाना मंदिर में प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी का हजारों भक्तों ने लाभ उठाया। वरिष्ठ शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति बहन ने शिवरात्रि का रहस्य बताते कहा की आध्यात्मिक अर्थ में रात्रि आत्माओं के अज्ञान अंधकार विकारों अर्थ व आसुरी लक्षणों की चरमसीमा की



घोतक है। अब वही समय चल रहा है। अभी हमें आत्मा का जागरण और उपवास (उप-निकट, वास - रहना अर्थात परमात्मा शिव की स्मृति में रहना) करना चाहिए, ब्रह्मचर्य का व्रत का लेना चाहिए, विकारों रूपी कड़वे 'अक' शिव पर चढ़ा देना चाहिए और शिव के प्रति ज्ञान का बिंदु-बिंदु निरंतर प्रवाहित करते रहना चाहिए। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सुमन बहन ने कहा इस शिवरात्रि शिव पिता से इसी जन्म में मुक्ति और जीवनमुक्ति का सर्वश्रेष्ठ वरदान ले लेना चाहिए। परमपिता परमात्मा शिव आपको बहुत ही स्नेह से निमंत्रण दे रहे हैं कि उससे यह ईश्वरीय जन्मसिद्ध अधिकार ले लें।

## पेट्रोलियम संरक्षण का महत्व समझाया

■ महाराजा अग्रसेन स्कूल के छात्रों ने साइक्लोथॉन में हिस्सेदारी कर दिया पेट्रोलियम बचाने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

भारत पेट्रोलियम कॉरपोशन की ओर से बुधवार को महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक साइक्लोथॉन का आयोजन किया। बीपीसीएल के अधिकारियों ने साइक्लोथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पेट्रोलियम संरक्षण और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस मौके



साइक्लोथॉन में हिस्सेदारी करते स्कूली छात्र।

पर साइक्लोथॉन में शामिल छात्रों को प्रेरित किया और पेट्रोलियम संरक्षण के महत्व को समझाया। स्पर्धा में महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 60 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और चार किलोमीटर तक साइक्लिंग करते हुए पेट्रोलियम बचाने और सतत ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया। इस मौके पर बीपीसीएल से पवन कुमार और राजेश्वर राज ने छात्रों को पेट्रोलियम संरक्षण के प्रभावी तरीकों के बारे में जानकारी देते इंधन की खपत कम करने के लिए सार्वजनिक परिवहन और कारपूलिंग का उपयोग करना, वाहनों की नियमित देखभाल करना ताकि इंधन दक्षता बनी रहे और प्रदूषण कम हो, ऊर्जा-कुशल उपकरणों का उपयोग करना ताकि कुल ऊर्जा मांग कम हो सके, सौर और पवन ऊर्जा जैसी नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों को अपनाना ताकि जीवांश्म ईंधनों पर निर्भरता घटे, ईंधन बचाने वाली ड्राइविंग तकनीकों को अपनाना, जैसे अनावश्यक इंजन स्टार्ट रहने से बचना और टायर का सही दबाव बनाए रखना आदि महत्वपूर्ण जानकारी दी।

## चार साल के विकास का हिसाब मांगा

■ लोग बोले चार साल पर किए सभी वायदे अधूरे, अब काम करने पर ही मिलेगी वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर नगर निगम के मेयर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी शैलजा सचदेवा के लिए वोट मांगने गए भाजपा के निगम सदस्य फकीरचंद को लोगों ने विकास के मुद्दे पर घेर लिया। युवाओं के साथ बुजुर्ग व महिलाओं ने भी सदस्य पर इलाके का विकास न करवाने का आरोप



**अंबाला।** निगम सदस्य से बहस करते काकरु वासी।

लगाया। अब चार साल बाद फिर वोट मांगने आ गए। युवाओं ने इस सवाल का उनसे जवाब मांगा। हालांकि निगम सदस्य लोगों के किसी सवाल का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। बढ़े विवाद के बाद कई भाजपा नेताओं को मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा। लोगों के विरोध की वजह से निगम सदस्य को खासी दिक्कत हुई। हालांकि भाजपा के कई नेताओं ने सदस्य का बचाव करने का प्रयास किया। दरअसल बुधवार को वार्ड नंबर 2 से भाजपा के निगम सदस्य फकीरचंद काकरु व गीता नगरी में भाजपा की मेयर प्रत्याशी शैलजा सचदेवा के लिए वोट मांगने गए थे। प्रचार के दौरान गीता नगरी में लोगों ने उन्हें घेर लिया। टूटी सड़कों व सफाई के मुद्दे को लेकर लोगों ने उन्हें खरी खरी सुनाई।

**पहले काम करो, फिर वोट**

उन्होंने कहा कि निगम सदस्य ने कभी उनकी समस्याओं पर गौर नहीं किया है। लोगों ने कहा कि जब-जब चुनाव आता है तब-तब नेता जनता के दरवाजे पर वोट मांगने आ जाते हैं लेकिन इस बार काकरू की जागरूक जनता चुप नहीं बैठेगी। इसी वजह से उन्होंने निगम सदस्य फ़कीर चंद को आईना दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस दौरान युवओं ने पूछा कि पिछले चार सालों में किए गए अत्याचारों का हिसाब कौन देगा? टूटी सड़कें, बहता सीवर, अधूरे वादे और विकास के नाम पर सिर्फ़ खोखली बातें हुई हैं। युवाओं ने निगम सदस्य नसीहत देते हुए कहा कि पहले काम करो, फिर वोट की बात करना।

## डीसी की अपील, निकाय चुनाव में बढ़-चढ़कर करें मतदान

■ मतदाता अधिक से अधिक आगे आकर मत का प्रयोग करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि जिले में नगर निगम के तहत मेयर पद के लिए तथा नगर परिषद अम्बाला छावनी व नगरपालिका बराड़ा के लिए 02 मार्च को होने वाले चुनाव में मतदाता अधिक से अधिक आगे आकर अपने मत का प्रयोग करें। इसके लिए उन्हें स्वीप एक्टीविटी के माध्यम से जागरूक करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने सभी फैक्टरी मालिकों, दुकानदारों व अन्य संस्थानों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि 02 मार्च को वह अपने संस्थानों को बंद रखें ताकि उनके यहां काम करने वाले कर्मचारी व अन्य लोग भी अपने मत का प्रयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि मत की विशेष महत्वता होती है, इसलिए हर योग्य व्यक्ति को अपने मत का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।



**जींद।** सर्विस रोड पर बना पानी निकासी को लेकर नाला में गंदगी।

### सर्विस रोड के पास बने नालों की नहीं हो रही सफाई

**जींद।** उचाना हाइवे पर उपमंडल कार्यालयए पुलिस थाना के सर्विस रोड पर बारिश के पानी की निकासी को लेकर बनाए गए नालों की सफाई नहीं होने से नालों में भरा गंदा पानी परेशानी दुकानदारों, राहगीरों के लिए बनने लगा है। बारिश के पानी की निकासी को लेकर बनाए गए ये नाले के ऊपर जो पत्थर रखे गए है वो भी काफी जगह से टूटने लगे है। दुकानदार, राहगीर इसको लेकर कई बार मांग कर चुके हैं लेकिन सफाई नियमित रूप से नहीं होने के साथ-साथ पानी की निकासी भी नहीं हो रही है। गंदे पानी में मच्छर भी पनपते है तो बारिश के मौसम में पानी सर्विस रोड पर कई-कई घंटे भर रहता है। सर्विस रोड पर जो दुकान है उनके दुकानदारों को परेशानी उठानी पड़ रही है। चांदी, सुरेश, दिनेश, राहुल ने कहा कि जब से सर्विस रोड बने है तब पानी की निकासी को लेकर सड़क के साथ नालों का निर्माण किया गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** केपीएके महाविद्यालय में मनाया स्वामी दयानंद सरस्वती का जन्मोत्सव, छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

## शिक्षा ग्रहण करने के लिए हमें त्यागनी होगी अशिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला शहर के रेलवे रोड स्थित आर्य समाज केपीएके महाविद्यालय में बुधवार को स्वामी दयानंद सरस्वती के जन्मोत्सव एवं बोधोत्सव को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। इसमें 11 कुंडीय हवन यज्ञ का भी आयोजन किया गया। इसके साथ ही प्रवचन ,भक्ति पूर्ण भजन तथा बच्चों द्वारा स्वामी जी पर एक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राधे श्याम शर्मा ( पूर्व कुलपति , गुरु जम्बेश्वर विश्व विद्यालय हिसार एवं पूर्व कुलपति , चौधरी देवी लाल विश्व विद्यालय सिरसा ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमे पुरातन संस्कृति के साथ-साथ आधुनिकता को भी अपनाना चाहिए। जीवन में हर मनुष्य को जीवन में चार मूल्यों को अपनाना चाहिए। पहला मनुष्य को पुण्य व सत्यकर्म करने चाहिए, दूसरा सभी के प्रति मैत्रीभाव रखना चाहिए,







**अंबाला।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्र व मौजूद मुख्यअतिथि व अन्य।

फोटो :हरिभूमि

तीसरा मानवता की सेवा करनी चाहिए। और चौथा अपनी वैदिक संस्कृति से प्रेम करना चाहिए। उन्होंने स्वामी दयानन्द सरस्वती के जीवन चरित्र का वर्णन करते बताया कि स्वामी जी ने आह्वान किया कि मनुष्य को हमेशा अच्छे कर्म करने चाहिए क्योंकि वह जैसे कर्म करेगा उसे वैसा ही फल मिलेगा। उन्होंने सत्यार्थ प्रकाश पुस्तक को पढ़ने के लिए सभी से आह्वान किया। क्योंकि इस पुस्तक में जीवन सत्य से जुडी बातों का ज्ञान भरा पड़ा है , जो मनुष्य को सही राह की ओर ले जाता है। इस कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथि डॉ. रेखा शर्मा ( पूर्व प्राचार्या , राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय , करनाल ) ने बताया कि जीवन का मूल वेदों में छिपा है। हमें अंधविश्वासों से दूर रह कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। जो तर्कसंगत है उसे समझना चाहिए। शिक्षक को बच्चों को ऐसी शिक्षा देनी चाहिए जिससे उन्हें जीवन का उदेश्य मिले। दूसरों में परिवर्तन लाने से पहले हमे खुद में परिवर्तन लाना होगा। चंडीगढ़ से पधारे मुख्य वक्ता आचार्य हर्षवर्धन ने अपने वक्तव्य में महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन से जुडी कुछ प्रेरक प्रसंगों की चर्चा की। उन्होंने स्वामी विरजानन्द के जीवन से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और उनके जीवन की कुछ घटनाओं का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि हमें विद्या को ग्रहण करना चाहिए और अविद्या का त्याग करना चाहिए। प्रिंसिपल सोहन लाल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन विवेक कोहली ने अपने मधुर भजनों के स्वरों से श्रोतागणों को मन्त्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने ईश्वर के स्वरुप को सूंदर और मनोहर भजनों के द्वारा उजागर करने का प्रयास किया।आर्य समाज के मंत्री डॉक्टर विकास कोहली/" ने सभी आर्यजनों को संबोधित करते हुए बताया कि महर्षि दयानन्द का व्यक्तित्व सबसे अलग था। स्वामी दंयानंद सरस्वती धर्म सुधारक ही नहीं समाज सुधारक और सच्चे राष्ट्रवादी भी थे। उनके भीतर सभी सद्गुणों का मिश्रण था । हम सूर्य और चन्द्रमा की भांति कल्याण युक्त मार्ग पर चलते रहे।